हुई गलियों में जय जयकार आया गणपति तेरा त्यौहार

हुई गलियों में जय जयकार,
आया गणपति तेरा त्यौहार।।

नाची मन में उमंग भरा खुशियों ने रंग,
गूंजी गणपति तेरी जयकार
आया गणपति तेरा त्यौहार.......

ऊँचा आसान सजाएं तुम्हे घर में बिठाएं,
तेरे चरणों में है संसार,
आया गणपति तेरा त्यौहार......

शिव फुले ना समाये गौरा वारि वारि जाए,
आए जग के पालनहार,
आया गणपति तेरा त्यौहार....

शंख अंकुश लिए आए कमल पाश लिए आए,
आये मूषक पे होके सवार,
आया गणपति तेरा त्यौहार,........

मनसा पूरी करो सबकी झोली भरो,
सारे जग के तुम करतार,
आया गणपति तेरा त्यौहार....

https://alltvads.com/bhajan/lyrics/id/3344/title/hui-galiyo-me-jai-jaikaar-aaya-ganpati-tera-tayohaar

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |